प्रादेशिक समाचार

04.10.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र निर्माण में कौशल की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया–युवाओं के लिये 62 हजार करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न पहलों का शुभारंभ किया।

- चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा–डेक्सट्रोमेथॉर्फ़न सिरप के सभी 6 नमूने जांच में सही पाये गये।

- केन्द्र सरकार ने हाइवे पर टोल वसूली नियमों में संशोधन किया–अब टोल का भुगतान नकद करने पर दोगुनी राशि देनी होगी।

- मौसम विभाग ने अगले दो दिन जयपुर, जोधपुर, बीकानेर और उदयपुर संभागों में कई जगह तेज बारिश की संभावना जताई।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि राष्ट्र निर्माण में कौशल की महत्वपूर्ण भूमिका है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार कौशल और नवाचार पर विशेष ध्यान देते हुए युवाओं को भविष्य का नेतृत्व करने के लिए तैयार कर रही है। श्री मोदी ने युवाओं के लिए 62 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न पहलों का शुभारंभ किया। ये युवा केन्द्रित पहल, देश में शिक्षा, कौशल और उद्यमिता को बढ़ावा देंगी। आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों–आई.टी.आई. के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन–पीएम–सेतु का शुभारंभ किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ज्ञान और कौशल का देश है और बौद्धिक शक्ति, देश की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने आई.टी.आई. संस्थानों को आत्मनिर्भर भारत के लिये महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पीएम सेतु से इनको अपग्रेड किया जायेगा।

00000

केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी ने भी देश को वैश्विक कौशल केंद्र बनाने के श्री मोदी के दृष्टिकोण को दोहराया।

0000

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। श्री खींवसर ने मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना में खांसी सिरप की गुणवत्ता से जुड़े मामले के संबंध में आज जोधपुर में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में लापरवाही के मामले में सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करती है। उन्होंने बताया कि भरतपुर और सीकर सहित अन्य स्थानों से डेक्सट्रोमेथॉर्फ़न सिरप के उपयोग से उल्टी और घबराहट जैसी शिकायतें मिलने के बाद, विभाग ने तत्काल प्रभाव से शिकायती बैचों का वितरण रोक दिया था। मंत्री ने जानकारी दी कि जाँच के लिए भेजे गए छह नमूनों की रिपोर्ट आज मिली है, जिसमें सभी नमूने मानक गुणवत्ता के पाए गए हैं।एहतियात के तौर पर, विभाग ने इस सिरप की आपूर्ति करने वाली कायसन फार्मा कंपनी की सभी 19 तरह की दवाओं के उपयोग और वितरण पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है।

00000

इस बीच, सरकार ने दवाओं में साल्ट की मात्रा के मानक निर्धारण को प्रभावित करने के मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए औषधि नियंत्रक राजाराम शर्मा को निलंबित कर दिया है। साथ ही, केंद्रीय एडवाइजरी के क्रम में, राज्य सरकार ने भी निर्देश दिए हैं कि दो साल से छोटे बच्चों को किसी भी स्थिति में यह खांसी की सिरप न दी जाए।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कल 128 नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ये सभी बसें नवीनतम तकनीकी से लैस हैं और इनका आवंटन प्रदेशभर के आगारों में किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री शर्मा इस दौरान ग्रामीण बस सेवा का भी शुभारम्भ करेंगे, जिसका नाम 'आपणी बस–राजस्थान रोडवेज' रखा गया है। इसके तहत दूर–दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में भी डीलक्स बसों का संचालन किया जाएगा। साथ ही, डीलक्स बसों में केटरिंग सुविधा की भी शुरुआत की जाएगी। अब रेल और हवाई यात्रा की तर्ज पर बस में पैसे देकर यात्रियों को उनकी सीट पर ही खाने पीने की चीजें मिल सकेंगी।

0000

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज गुजरात के गांधीनगर से राष्ट्रव्यापी अभियान आपकी पुंजी आपका अधिकार की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य लावारिस वित्तीय संपत्तियों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करना है। अगले तीन महीनों में, यह अभियान देश के हर ज़िले में चलाया जाएगा।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को फायदा हो रहा है। आज हम वाणिज्यिक माल वाहनों पर कर कटौती के बारे में बता रहे है। रसद और परिवहन क्षेत्र को बड़ी राहत देते हुए, सरकार ने ट्रकों और वैन सहित वाणिज्यिक मालवाहक वाहनों पर कर की दर कम कर दी है। छोटे और मध्यम परिवहन ऑपरेटरों की परिचालन लागत कम करने और देश भर में माल की आवाजाही को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जीएसटी की दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। यह कटौती भारत के परिवहन और रसद क्षेत्र को पुनर्जीवित करेगी। इसके अलावा जीएसटी कम होने से ट्रकों की अग्रिम पूंजीगत लागत में कमी आएगी और प्रति टन किलोमीटर माल ढुलाई की दरें कम होंगी।

0000

सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क संग्रह नियम–2008 में संशोधन किया है। नए नियमों के अनुसार वैध और सक्रिय फास्टटैग के बगैर टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहन नकद भुगतान करना चाहते हैं तो उन्हें दोगुना शुल्क देना होगा। यदि शुल्क यूपीआई के माध्यम से दिया जाता है तो आधिकारिक शुल्क का सवा गुना भुगतान करना होगा। यह नियम अगले महीने की 15 तारीख से लागू होगें। राजमार्ग मंत्रालय ने बताया है कि नियमों के संशोधन से शुल्क संग्रह मजबूत होगा, ड़िजिटल भुगतान को बढावा मिलेगा और टोल संचालन में पार्दर्शिता बढ़ेगी।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के सपने को पूरा करने की दिशा में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सांसद मंजू शर्मा ने आज जयपुर में प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि राज्य में इस अभियान में पच्चीस दिसंबर तक व्यापारी सम्मेलन, युवा सम्मेलन, मशाल यात्रा, किसान मार्च और महिला सूक्ष्म उद्यमी सम्मेलन जैसे कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता की ओर पहला कदम स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देना है। उन्होंने अभियान के दौरान स्वदेशी उत्पाद खरीदने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने की अपील की।

0000

नगरीय विकास और स्वायत्त शासन राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने अजमेर में विकास प्राधिकरण कार्यालय और नगर निगम के शहरी सेवा शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने पट्टों का वितरण भी किया। मंत्री खर्रा ने कहा कि सत्रह अक्टूबर तक प्राप्त सभी आवेदनों का निमानुसार जल्द ही निस्तारण किया जाएगा। उधर, भीलवाड़ा जिले के संगरिया गांव में आयोजित सेवा शिविर में किसान अपनी समस्याओं का समाधान करवा रहे हैं।

0000

मौसम विभाग ने अगले दो दिन जयपुर, जोधपुर, बीकानेर और उदयपुर संभागों में कई जगह तेज बारिश होने की संभावना जताई है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं। विभाग ने किसानों को सलाह दी गई है कि वे संभावित बारिश और आंधी को देखते हुए अपनी फसल और पशुओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानी बरतें। इस बीच आज भी प्रदेश के कई स्थानों पर मध्यम से तेज बरसात हुई। सिरोही, राजसमंद, उदयपुर और नागौर जिलों में कई स्थानों पर भारी बारिश के साथ तेज तूफान आया। सबसे ज्यादा करीब 11 सेंटीमीटर बारिश सिरोही जिले के पिंडवाड़ा में रिकॉर्ड की गई।

00000

दीपावली के मद्देनज़र खाद्य विभाग और चिकित्सा तथा स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेश में 'शुद्ध आहार–मिलावट पर वार' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिलों में खाने पीने की चीजों का निरीक्षण और उनके नमूने इकट्ठे किये जा रहे है। हमारी हनुमानगढ़ संवाददाता ने बताया कि खाद्य विभाग और चिकित्सा विभाग जिले में इस संबंध में कडी निगरानी रख रहे हैं। जिले के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने आमजन से अपील की है कि वे गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री ही खरीदें।

000

समाज कल्याण सप्ताह के अंतर्गत आज 'बाल दिवस' मनाया गया। सवाईमाधोपुर में इस मौके पर सरकारी सम्प्रेषण और किशोर गृहों, बाल गृहों, छात्रावासों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। वहीं वन्यजीव सप्ताह के अवसर पर पाली और करौली में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

0000